पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने राजभवन में झण्डारोहण किया

विधान भवन पर राज्यपाल जी ने गणतंत्र दिवस परेड की ली सलामी

लखनऊः 26 जनवरी, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण किया तथा इस अवसर पर उपस्थित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

राजभवन में ध्वजारोहण के पश्चात् राज्यपाल जी ने विधान भवन पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली व परेड का अवलोकन किया। परेड में सेना, पुलिस, पी0ए0सी0, होमगार्डस, विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों द्वारा झांकी भी निकाली गयी। प्रदेश के स्थानीय कलाकारों ने भी समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य, स्थानीय सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (134/17)
सम्पर्क सूत्र
9453005360